### एक नजर में

#### केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आज

**भोपाल.** केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक गुरुवार को राज्य पंजीयन कार्यालय अरेरा हिल्स में की जाएगी, जिसमें प्रदेश की अचल संपत्तियों में की जा रही वृद्धि पर चर्चा की जाएगी. इस बैठक में शासन के प्रतिनिधि के अलावा टीएनसीपी के संचालक, वन विभाग के प्रमुख, लोक निर्माण विभाग के अभियंता, भू अभिलेख आयुक्त, मैनिट के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख अन्य शामिल होंगे.

#### थाने में जब्ती के वाहनों में लगी आग

**भोपाल.** हनुमानगंज थाना परिसर में जब्ती के वाहनों में बुधवार को आग लगने से हड़कंप की स्थिति बन गई. सुबह के समय आग लगने की सूचना फायर कंट्रोल को दी गई. दो दमकलों और पुलिसकर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया. मशक्त के बाद इस पर काबू पाया जा सका. हादसे में किसी भी व्यक्ति के झुलसने की जानकारी सामने नहीं आई है.

#### दैनिक वेतन भोगी के वेतन में हो वृद्धि

**भोपाल.** प्रदेश कर्मचारी मंच ने दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के वेतन में सर्वोच्च न्यायालय एवं महंगाई के अनुसार ढाई हजार की वृद्धि 1 अप्रैल 2026 से करने की मांग की है. मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने कुशल दैनिक वेतन भोगी श्रमिक का वेतन 20,358 रुपए अर्ध कुशल श्रमिक का 22,568 रुपए कुशल श्रमिक का 24,804 एवं उच्च कुशल श्रमिक 26,910 रुपए निर्धारित किया है.

# ‘कैचमेंट’ में आज से हटेगा अतिक्रमण

## बैरागढ़-हुजूर में अतिक्रमणकर्ताओं पर गिरेगी गाज

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 25 मार्च. राजधानी के बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में गुरुवार से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू होने जा रही है, जिसकी जानकारी अतिरिक्त कलेक्टर सुमित कुमार पाण्डे ने दी.**

पाण्डे ने बताया कि अभी तक शहर में गैस की किल्लत थी, तो पूरा प्रशासन उसकी व्यवस्था में लगा हुआ था. इस वजह से कैचमेंट के अतिक्रमण की कार्रवाई को रोक दिया था, लेकिन अब गैस सिलेंडर की समस्या समाप्त हो चुकी है तो



अतिक्रमण की कार्रवाई शुरू की जा रही है. बता दें कि विगत दो माह से कैचमेंट के अतिक्रमण को लेकर सांसद आलोक शर्मा और प्रशासनिक अधिकारियों की तीन से चार बार बैठकें हो चुकी हैं, उसके बाद से प्रशासन ने एक टास्क फोर्स गठित किया था, जिसमें जिला प्रशासन के साथ ही नगर निगम, टीएनसीपी, वन विभाग, पर्यावरणविद, एनजीटी पुलिस के अधिकारी शामिल हैं. टीटी नगर, बैरागढ़ नजूल और हूजूर तहसील के एसडीएम, तहसीलदार पटवारी और नगर निगम एनजीटी वन विभाग के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से बड़े तालाब के कैचमेंट में चिन्हांकन और सीमांकन कार्य किया, जो लगभग 15 दिनों तक चला. उसके बाद से अतिक्रमण हटाने के लिए कैचमेंट में निर्मित मकानों शेडों, होटल, मैरिज गार्डनों, गोदामों को नोटिस दिया गया. नोटिस के बाद जिन्होंने अपने निर्माण को नहीं हटाया है, उन सभी को जेसीबी से तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी.

### रिपोर्ट हो चुकी है तैयार

टोटी नगर और बैरागढ़ नुजूल के कैचमेंट में अतिक्रमण की रिपोर्ट दोनों एसडीएम के यहां पर तैयार की जा चुकी है. टीटी नगर एसडीएम रिपोर्ट ऑनलाइन कलेक्टर को भेज दी है. वहीं बैरागढ़ रिपोर्ट भी जल्द ही कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेंगे.

बैरागढ़ क्षेत्र में कोहेफिजा-52, हलालपुर-07, बेहटा गांव-100 झुग्गियां, बोरवन-80 झुग्गियां, भैंसाखेड़ी-02 कुल अतिक्रमण-241 अतिक्रमण चिहिन्त किए है. वहीं टीटी नगर व आसपास क्षेत्र में प्रेमपुरा, धरमपुरी, कोटरा, में 67 और सेवनियां गोंड, गौरा गांव, बिशनखेड़ी, बीलखेड़ा-51 अतिक्रमण चिहिन्त किए. इस तरह से पूरे कैचमेंट में 359 अतिक्रमण मिले हैं, इनमें कुछ शासकीय भूमि पर हैं तो कुछ निजी भूमि पर निर्माण किए गए हैं. इसके अलावा हूजूर तहसील के अतिक्रमण भी हैं जो कि ग्रामीण क्षेत्र में है उन पर भी कार्रवाई की जाएगी.

# एनसीएल के पूर्व सीएमडी की 2.79 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच

**भोपाल. ईडी ने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक भोलासिंह और उनके परिवार से जुड़ी करीब 2.79 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क (अटैच) किया है. यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 के तहत की गई है.**

ईडी के अनुसार भोलासिंह नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रह चुके हैं. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने भोला सिंह के खिलाफ जांच शुरू की थी, जिसमें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप लगाए गए थे. जांच में सामने आया कि 1 जनवरी 2022 से 31 जनवरी 2024 के बीच भोलासिंह के पास करीब 1.74 करोड़ रुपए की आय से अधिक संपत्ति पाई गई थी जो लगभग 124 प्रतिशत अधिक बताई गई है.

ईडी की जांच के दौरान बैंक लॉकरों से करीब 1.94 करोड़ रुपए नकद और सोने के आभूषण बरामद हुए. इसके अलावा रांची के सेल सिटी में स्थित करीब 85.45 लाख रुपए मूल्य का एक आलीशान फ्लैट भी जांच के दायरे में आया, जिसे वैध आय के अनुपात में संदिग्ध पाया गया.

# निर्माणाधीन नाला हादसों को दे रहा न्योता

## 80 परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य हो रहा प्रभावित

### घरों में घुस रहा गंदा पानी मच्छर-बदबू से जीना मुहाल

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 25 मार्च. पुराने भोपाल के जहांगीराबाद में कोलीपुरा में नाली निर्माण का कार्य तीन महीने से अधूरा पड़ा है, यहां की जनता निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से परेशान हो चुकी है. इस क्षेत्र में लगभग 80 परिवार निवास करते हैं.**

सीवेज का पानी घरों में घुस रहा है. मच्छर और बदबू के कारण लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है. वहीं वार्ड के लोग नाले में

3 महीने से अधूरा पड़ा निर्माण



गिरकर चोटिल हो रहे हैं. बात निर्माण कार्य की हो और उसमें राजनीति आ जाए तो उसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है. वहीं कोलीपुरा की जनता के साथ हो रहा है. यहां के पार्षद पप्पू विलास घाडगे बीजेपी से हैं. वहीं विधायक आरिफ मसूद कांग्रेस से है, लेकिन दोनों ही जनप्रतिनिधियों ने यहां की समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई है. उनका यह उदासीन रवैया पूरे कोलीपुरा की जनता को भुगतना पड़ रहा है.

#### इनका कहना है

नाली के कार्य के बारे में आप विधायक से बात करें. वही बता सकेंगे कि कब तक पूरा होगा.

**- पप्पू विलास घाडगे, पार्षद वार्ड 34, नगर निगम, भोपाल**

कोलीपुरा का काम मैं दिखवा लूंगा, कहां काम चल रहा है. वहां के पाषर्द फेल गए और नगर निगम फेल गई. जेसीबी से दो फीट खोदने चले थे. चालीस फीट खोद दिया, जब वह थक गए तो मैंने लेबर से उसे साफ करवाया है. थोड़ा सब्र करो, काम होगा.

**- आरिफ मसूद, विधायक, मध्य क्षेत्र भोपाल**

### शॉर्ट सर्किट को हल्के में न लें, तुरंत ठीक करवाएं

**भोपाल.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन को आगाह किया है कि घर अथवा संस्थान में कहीं भी शॉर्ट सर्किट हो रहा है तो उसे हल्के में न लें. बल्कि तुरंत इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर ठीक करवाएं. ऐसे में जरा सी असावधानी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है.

### विद्युत चोरी के मामले में आरोपी को 6 माह का कारावास

**भोपाल/ मुरैना, 25 मार्च .** विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम जिला मुरैना द्वारा विद्युत चोरी के मामले में एबीरोड, हरिजन मंदिर के पास, थाना बामनोर जिला मुरैना निवासी आरोपीजरदान सिंह पुत्र स्व. राजाराम को दोषी करार देते हुए 6 माह के कारावास की सजा सुनाई है.

# अज्ञात पुरुष-महिला के शव मिले

▸ हनुमानगंज और गौतम नगर थाना क्षेत्र की घटनाएं

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 25 मार्च. हनुमानगंज और गौतम नगर थाना इलाके में पुलिस ने दो अज्ञात शव बरामद किया. एक महिला और पुरूष का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई.**

महिला का शव नाले में और पुरूष का क्षत-विक्षत शव देखा गया. मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक हनुमानगंज में स्थानीय लोगों ने नाले में अज्ञात महिला का शव देखा. लोगों ने इसकी सूचना तुरंत ही पुलिस को दी. घटना की सूचना मिलते ही हनुमानगंज थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

गौतम नगर थाना क्षेत्र में एक अज्ञात पुरुष का शव मिला. मृतक की उम्र करीब 35 साल आंकी गई है. मृतक का चेहरा खून से लथपथ चोटिल हालत में मिला है, जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई है और पुलिस जांच में जुटी हुई है.

### अवैध पिस्टल के साथ आरोपी युवक गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच पुलिस ने एक फार्म हाउस से अवैध पिस्टल के साथ आरोपी युवक गिरफ्तार किया. सूचना मिली थी कि कजलीखेड़ा, कालापानी, कोलार रोड स्थित एक फार्म हाउस पर कुछ व्यक्ति एकत्रित हैं. मौके पर पहुंची पुलिस ने एक व्यक्ति को कार में बैठा देखा. आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मयंक नाथ चौहान उर्फ नद्दू(27) निवासी नीच चौक बाबड़िया कला बताया.

### ट्रिनिटी फ्यूल्स नायरा पेट्रोल पंप सील

**भोपाल.** राजधानी में गांधी नगर एयरपोर्ट रोड स्थित ट्रिनिटी फ्यूल्स नायरा पेट्रोल पंप को सील कर दिया. यह कार्रवाई पेट्रोल पंप पर बाइक सवार और कार चालकों के लिए ईंधन की सीमा तय कर दने की वजह से विवाद बढ़ने पर हुई. इस पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने वालों की लंबी लाइन लगने लगी थी, जिसके पेट्रोल पंप वाले कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे. जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि पेट्रोल पंप की डिस्पेंसिंग यूनिट-1 में शॉर्ट सप्लाई पाई गई. डीजल के स्टाक में गड़बड़ी, अग्निशॉमक यंत्र अवैध पाए गए, जिसके बाद पंप की डिस्पेंसिंग यूनिट-1 को सील कर 102 लीटर डीजल को जब्त कर लिया गया.


